>Title: Need for creation of a separate Uttranchal State. *m01

SHRI BACHI SINGH RAWAT `BACHDA' (ALMORA):

उत्तर प्रदेश के १२ पर्वतीय जिलों व तीर्थ क्षेत्र हरिद्धार को मिला कर अलग उत्तरांचल राज्य गठित करने की मांग पिछले कई वर्षो से की जा रही है । उत्तर प्रदेश की विधानसभा द्वारा अलग उत्तरांचल राज्य का प्रस्ताव पारित कर तीन बार केन्द्र सरकार के पास भेजा भी जा चुका है ।

जनता द्वारा इस मांग को ले कर विशाल आंदोलन किया गया, जिसमें व्यापक जन, धन की हानि के साथ-साथ उत्तरांचल की महिलाओं का बलात्कार जैसी अमान वीय वासना को सहना पड़ा ।

स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा लाल किले से अलग उत्तरांचल राज्य के गठन की घोषणा की गई थी । इस संबंध में अनेक घोषणायें करने के बावजूद भी केन्द्र सरकार द्वारा अब तक कोई कार्यवाही न किये जाने से उत्तरांचल क्षेत्र की जनता में तीव्र आक्रोश उत्पन्न हो रहा है । वर्तमान केन्द्र सरकार ने अपने राष्ट्रीय एजेंडा में उत्तरांचल राज्य गठन का वायदा भी किया है तथा माननीय प्रधानमंत्री जी ने उत्तरांचल क्षेत्र की जनता को सरकार बनने के ९० दिन में उत्तरांचल राज्य बनाने का वायदा किया है ।

अतः मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी और केन्द्र सरकार से विनम्र आग्रह है कि वह विषय की गंभीरता को देखते हुए इसी सत्र में उत्तरांचल राज्य गठन की कार्यवाही करें ।